मेरी पहचान मेरा खाटूवाला

मेरी तो बस पहचान है खाटूवाला श्याम,
मेरी तो बस पहचान है मेरा खाटूवाला श्याम,
जब नज़र पड़ी मेरे श्याम की दुनिया में हो गया नाम,
मेरी तो बस पहचान है मेरा खाटूवाला श्याम…....

पहली बार मैं श्याम प्रभु के जगराते में आया था,
हारे का ये बने सहारा सब भक्तों ने बताया था,
उस दिन से ही मेरे श्याम प्रभु का मन में बस गया नाम,
मेरी तो बस पहचान है मेरा खाटूवाला श्याम……..

थोड़े दिनों के बाद में मेला खाटू श्याम का आया था,
काँधे पे मैं ले निशान खाटू नगरी में आया था,
शीश झुकाया बाबा पे मेरे बिगड़े बन गए काम,
मेरी तो बस पहचान है मेरा खाटूवाला श्याम………

जीवन है खुशियों से भरा जीने का मज़ा अब आया है,
पल पल तेरा शुक्र करूँ मेरे श्याम प्रभु तेरी माया है,
श्याम जगत में पास्सी केसरी का होता सम्मान,
मेरी तो बस पहचान है मेरा खाटूवाला श्याम………

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/30645/title/meri-pehchan-mera-khatuwala

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |